## POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 29.12.2024

**1.थाना सेक्टर-20 नोएडा पुलिस मय स्वाट/सीआरटी टीम गौतमबुद्धनगर की लुटेरे बदमाशो के साथ मुठभेड़, चार बदमाश घायल, कब्जे से घटना में प्रयुक्त जोमेटो ई- रिक्शा, स्कूटी जुपिटर व चोरी की मोटर साइकिल स्पलैण्डर प्लस बिना नम्बर प्लेट, 4 अवैध तमंचे .315 बोर, 5 जिन्दा कारतूस .315 बोर, 06 खोखा कारतूस सहित लूट से सम्बंधित 2 लाख 5 हजार रुपये नकद व अन्य सामान बरामद।**

**कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 29/12/2024** को थाना सेक्टर-20 नोएडा पुलिस एवं स्वाट/सीआरटी टीम गौतमबुद्धनगर को सूचना प्राप्त हुई कि बी 11 सेक्टर 30 में घटना करने वाले बदमाश स्पलैंडर मोटर साइकिल एवं स्कूटी पर सवार होकर डीएनडी की तरफ से सेक्टर 18 नोएडा की ओर आने वाले है। इस सूचना पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए डीएलएफ तिराहे पर पहुँच कर चौकिंग की जाने लगी तो सामने से आते हुये मोटर साइकिल व स्कूटी सवार बदमाश पुलिस को चौकिंग करते हुए देख डीएलएफ नाले की तरफ अंधेरे की ओर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया तो बदमाश अपने आपको घिरता देख मोटर साइकिल स्पलैण्डर पर बैठे दोनों व्यक्तियो व स्कूटी सवार दोनों व्यक्तियों द्वारा मिलकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में चारों बदमाश गोली लगने से घायल हो गये है। घायल बदमाशों की पहचान 1. अनस पुत्र अयाज 2. शाहनवाज पुत्र सरफुद्दीन 3. समीर पुत्र सलीम 4. एजाज आलम पुत्र मो0 जमील के रूप में हुई है। अभियुक्तों के कब्जे से थाना सेक्टर-20 के मु0अ0सं0 415/2024 धारा 309(4)/331(6)/140(4) बीएनएस से सम्बंधित लूटा हुआ माल/कैश 2 लाख 5 हजार रूपये नकद व आधार कार्ड/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ पासपोर्ट/ राशन कार्ड आदि बरामद हुआ तथा घटना में प्रयुक्त एक चोरी की मोटर साइकिल स्पलैंडर , स्कूटी जुपिटर व 4 अवैध तमंचे मय 6 खोखा कारतूस व 5 जिंदा कारतूस व निशादेही पर जोमेटो ई रिक्शा बरामद हुए। घायल बदमाशों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटनाक्रम की विवरण--** घायल अभियुक्तो ने पूछताछ के दौरान बताया कि हम लोग आपस में सभी दोस्त है। हम लोग अपने शौक को पूरा करने के लिये चोरी और लूट जैसी घटनाओं को अन्जाम देते है। हमने पहले भी नोएडा व नोएडा के आसपास मोबाइल चोरी, लैपटॉप चोरी, ई-रिक्शा चोरी की घटनाएं की है। हमारी मंशा बड़ी घटना करने की थी। हम लोगों ने मिलकर एक योजना बनायी थी जिसके लिये हम लोगों ने मिलकर सेक्टर 15 नया बांस से जोमेटो ई-रिक्शा चोरी किया और उसी रिक्शे एवं अन्य स्कूटी से डीपीएस स्कूल के पास पहुँचे तथा

मेरा एक साथी समीर जो हम लोगों की मदद के लिये बाहर खड़ा रहा और हम तीनों लोग अनस, एजाज और शाहनवाज सेक्टर 30 निवासी के घर रैकी करने के बाद दिनांक 23.12.2024 को घटना को अंजाम दिया जिसमें हम लोगों को एक बैग में 350000 रूपये व कुछ सामान मिले थे जिसमें से कुछ रूपये हमने अपने-अपने परिजनों को खर्च करने के लिये दे दिये है।

## गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--

1. अनस पुत्र अयाज निवासी किराये का मकान न्यू अशोक नगर थाना न्यू अशोकनगर दिल्ली, मूल पता- ग्राम चिरोहाट, जीरो माइल बस स्टैण्ड अररिया, जिला अररिया बिहार उम्र 20 वर्ष
2. शाहनवाज पुत्र सरफुद्दीन निवासी किराये का मकान गली न0 2 नया बांस सेक्टर 15 नोएडा, थाना फेस- 1 नोएडा गौतमबुद्धनगर, मूल पता- दाढी भवानीपुर थाना किशनपुर जिला सुपौल बिहार उम्र 22 वर्ष
3. समीर पुत्र सलीम निवासी जे0जे0 कालोनी मस्जिद के पास सेक्टर 16 नोएडा, थाना फेस-1 नोएडा गौतमबुद्धनगर, मूल पता- ग्राम ढेटी पलासी थाना मदनपुर जिला अररिया बिहार उम्र 19 वर्ष
4. एजाज आलम पुत्र मो0 जमील निवासी झुग्गी न0 322 जे0जे0 कालोनी सेक्टर 16 नोएडा, थाना फेस-1 नोएडा गौतमबुद्धनगर, मूल पता- ग्राम पटिंगा पलासी थाना ताराबाडी जिला अररिया बिहार उम्र 20 वर्ष

## बरामदगी का विवरण--

1. 2 लाख 5 हजार रुपये नकद सम्बंधित मु0अ0सं0-415/2024 धारा 309(4)/331(6)/140(4) बीएनएस, थाना सेक्टर-20 नोएडा गौतमबुद्धनगर
2. वादिया के पति का आधार कार्ड, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, पासपोर्ट, राशन कार्ड आदि
3. 3.घटना में प्रयुक्त की गयी जोमेटो ई- रिक्शा
4. 4.घटना में प्रयुक्त की गयी स्कूटी जुपिटर
5. 5.चोरी की मोटर साइकिल स्पलैण्डर प्लस
6. 04 तमंचे .315 बोर व 5 जिन्दा कारतूस .315 बोर व 6 खोखा कारतूस .315 बोर बरामद।

## पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरण--

### A.शाहनवाज पुत्र सरफुद्दीन--

1. मु0अ0सं0 415/2024 धारा 309(4)/331(6)/140(4) बीएनएस थाना सेक्टर-20 नोएडा गौतमबुद्धनगर
2. मु0अ0सं0 597/2023 धारा 414 भादवि व 9 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर-24 नोएडा गौतमबुद्धनगर

### B.एजाज पुत्र जमील

1. मु0अ0सं0 415/2024 धारा 309(4)/331(6)/140(4) बीएनएस थाना सेक्टर-20 नोएडा गौतमबुद्धनगर
2. मु0अ0सं0 180/2022 धारा 380/457/411 भादवि थाना सेक्टर-20 नोएडा गौतमबुद्धनगर
3. मु0अ0सं0 185/2022 धारा 380/411 भादवि थाना सेक्टर-20 नोएडा गौतमबुद्धनगर

4. मु0अ0सं0 494/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना फेस-1 नोएडा गौतमबुद्धनगर

## 2.थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा लुटेरी दुल्हन गैंग की वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार।

**कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 29.12.2024** को थाना सूरजपुर पुलिस व सर्विलांस टीम/सीडीटी टीम के संयुक्त प्रयास से वांछित लुटेरी दुल्हन अनम पत्नी दानिश को लाईन फाटक के पास जमालपुर थाना क्वारसी जिला अलीगढ़ से **गिरफ्तार** किया गया है, जो थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर के मु0अ0सं0- 776/2024 धारा 87/61(2)/318(4)) बीएनएस में वांछित है।

**घटनाक्रम की विवरण--** अभियुक्ता द्वारा लुटेरी दुल्हन गैंग के मुखिया 1.प्रदीप पुत्र राजेन्द्र भारद्वाज नि0 ग्राम जरगवां थाना रामघाट बुलन्दशहर उम्र करीब 32 वर्ष व सदस्य 2. आमिर पुत्र अब्दुल हफीज नि0 मौ0 शाह जमाल थाना देहली गेट अलीगढ उम्र करीब 25 वर्ष 3.संतोष पुत्र गोपीचंद नि0-इन्द्रानगर थाना क्वारसी अलीगढ उम्र करीब 35 वर्ष व अभियुक्ता मालती पत्नी थानसिंह कोरी निवासी गली न0 10 इन्द्रानगर थाना देहलीगेट जिला अलीगढ उम्र करीब 50 वर्ष के साथ मिलकर समाज के मध्य रहकर शादी के नाम पर बहला फुसलाकर अपने गैंग में मिलाकर ऐसे व्यक्तियो से सम्पर्क किया जाता है जिन्हें शादी की इच्छा होती है पैसे से मोल भाव कर इनके द्वारा शादी तय की जाती है एवं अपने गैंग की लड़की या महिला से इच्छित व्यक्तियो की शादी करा दी जाती है तथा पैसा लिया जाता है व पैसा गैंग के सदस्यो एवं दुल्हन बनी लड़की में बांट दिया जाता है, फिर लडकी को विदा कराने के नाम दुल्हन को जेवर , गहना आदि के साथ वापस ले आते है या दुल्हन स्वंय मौका पाकर भाग आती है तत्पश्चात गैंग मुखिया प्रदीप पुत्र राजेन्द्र व अन्य सदस्य लड़की सहित गायब हो जाते है उक्त गिरोह में मालती देवी दुल्हन की माता या मौसी बनकर अपना कार्य करती है, अभियुक्ता अनम व गैंग मुखिया प्रदीप पूर्व में जेल जा चुके है, वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण--

1. अनम उर्फ महविश उर्फ नेहा उर्फ सिमरन पत्नी दानिश निवासी गली न0- 14 जाकिर थाना क्वारसी जिला अलीगढ़ उम्र 28 वर्ष

### अपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0सं0-394/2024धारा420/465/467/468/120बी/328/406/411/471/474 भादवि थाना क्वारसी जनपद अलीगढ़
2. मु0अ0सं0-776/2024 धारा 87/61(2)/318(4)) बीएनएस थाना सूरजपुर जनपद गौतमबुद्धनगर।